न्यायालय सहायक कलक्टर, डीडवाना

पीठासीन अधिकारीः– श्री कार्तिकेय मीणा, R.A.S.

राजस्व प्रार्थना–पत्र संख्याः–26/2021 दायर दिनाँक 29.10.2021

प्रार्थीगण		अप्रार्थीगण
1. बनवारी लाल पुत्र भंवरराम उम्र 42 वर्ष जाति जाट निवासी मण्डाबासनी, तहसील– डीडवाना, जिला–नागौर, राजस्थान।	बनाम	1. भंवरलाल पुत्र पूर्णाराम जाति रेगर निवासी रेल्वे स्टेशन डीडवाना, तहसील डीडवाना जिला नागौर राज.। 2. तहसीलदार डीडवाना जिला नागौर राज0।

प्रार्थना–पत्र
अन्तर्गत धारा–251 ए
राजस्थान काश्तकारी अधिनियम 1955

उपस्थितः–

1. श्री प्रकाश डूकिया वकील प्रार्थी।
2. श्री ओम प्रकाश मोठ वकील अप्रार्थी।

–:: निर्णय ::–

दिनाँक 28.02.2022

संक्षेप में प्रार्थी की प्रार्थना इस प्रकार है कि खेत खसरा सं0 918 रकबा 1.3000 हैक्टे0 मौजा मण्डाबासनी, पटवार हल्का दादूबासनी, भू–अभिलेख निरिक्षक क्षैत्र कोलिया, तहसील डीडवाना जिला नागौर राज. में अवस्थित है जो की हमारी खातेदारी सुदा खेत है। उक्त खेत खसरा नम्बर 918 में वर्तमान में प्रार्थी के खेत तक पहुंचने हेतु काई कटाणी रास्ता राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज नही है। जिस हेतु नये कट्टाणी रास्ते के लिए राजस्थान काश्तकारी अधिनियम 1955 की धारा 251(ए) उपधारा (1) के अन्तर्गत रास्ते की अनुमती लेना चाहते है।

Signature Not Verified
Digitally signed by Kartikeya Meena
Date: 2022.03.16 11:18:01 IST
Reason: SelfAttested

प्रकरण में तहसीलदार डीडवाना से ... गई। तहसीलदार डीडवाना ने अपने ... /2021/1031 दिनांक 22.11.2021 के अनुसार आवेदक के खेत खसरा सं. 918 रकबा 1.

सहायक कलेक्टर
डीडवाना (नागौर)

Scanned by CamScanner

3000 हैक्टे0 भूमि में कोई कटाणी रास्ता नहीं लगता है। आवेदक को अपने खेत में आने जाने हेतुं रास्ते की आवश्यकता है। आवेदक के खेत खसरा सं0 918 के सबसे नजदीक कटाणी रास्ता अप्रार्थी के खेत खसरा सं0 922 के पूर्वी सिमा के सहारे– सहारे कुल लम्बाई 99 मीटर अर्थात 325 फीट X 15 फीट = 4875 वर्ग फीट बनता है।

तहसीलदार डीडवाना की रिपॉर्ट पर न्यायालय सहमत है तथा रिपॉर्ट मुताबिक व अप्रार्थी के खेत खसरा न. 922 की पूर्वी सिंव मार्क A से B प्रस्तावित रास्ता को राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज किया जाना न्यायोचित है। अतः उपलब्ध साक्ष्यों, तहसीलदार डीडवाना की रिपॉर्ट के परिपेक्ष में प्रार्थी का आवेदन स्वीकार किया जाता है।

–:: आदेश ::–

प्रार्थी का प्रार्थना–पत्र स्वीकार कर इनकी खातेदारी के खेत खसरा सं0 918 रकबा 1.3000 हैक्टे0 मौजा मण्डाबासनी में आवागमन हेतु तहसीलदार डीडवाना की मौका रिपोर्ट पत्रांकः रीडर/2021/1031 दिनाँक 22.11.2021 में दर्शित भूमि अप्रार्थी के खेत खसरा संख्या 922 वाके सरहद मण्डाबासनी में दर्शित मार्क A से B कुल 0.0453 हैक्टे0 रास्ता की भूमि घोषित की जाती है। तहसीलदार डीडवाना राजस्व रेकर्ड में उक्तानुसार अमल दरामद करने से पूर्व रास्ता में गयी भूमि की कीमत का आंकलन वर्तमान डी0एल0सी0 दर के हिसाब से प्रस्तावित रास्ते की भूमि का नियमानुसार प्रभावित खातेदारान् को भूगतान करावे। तहसीलदार डीडवाना की मौका रिपोर्ट पत्रांकः रीडर/2021/1031 दिनाँक 22.11.2021 निर्णय का अभिन्न भाग रहेगा।

(कार्तिकेय मीणा)
R.A.S.
सहायक कलेक्टर
डीडवाना

सहायक कलेक्टर
डीडवाना (नागौर)

Signature Not Verified
Digitally signed by Kartikeya Meena
Date: 2022.03.16 11:18:01 IST
Reason: SelfAttested

निर्णय आज दिनांक 28.02.2022 को [illegible] में सुनाया गया।

(कार्तिकेय मीणा)
R.A.S.
सहायक कलेक्टर
डीडवाना

सहायक कलेक्टर
डीडवाना (नागौर)

Scanned by CamScanner